पत्रांक–12/विविध (एल0पी0सी0)–15/2020– 11– (12)/रा0,

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

प्रेषक,

राकेश कुमार,
सहायक निदेशक, भू–अर्जन।

सेवा में,

फैक्स
ई–मेल

सभी समाहर्त्ता,
बिहार।

पटना–15, दिनांक–18/1/2022

विषय – राज्यान्तर्गत अंचल स्तर से ऑनलाइन भूमि दखल–कब्जा प्रमाण–पत्र (एल0पी0सी0) सुविधा के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–503 (17), दिनांक–05.04.2021 एवं पत्रांक–946(17), दिनांक–14.07.2021.

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय एवं प्रसंग के संदर्भ में कहना है कि राज्यान्तर्गत अंचल कार्यालय स्तर से ऑनलाइन भूमि दखल–कब्जा प्रमाण पत्र (एल0पी0सी0) निर्गत करने की कार्रवाई चल रही है। राज्य के सभी 534 अंचलों के अधीन लगभग 3.78 करोड़ जमाबंदियों को डिजिटाइज्ड कर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विभागीय पोर्टल http://biharbhumi.bihar.gov.in पर सभी भू–धारियों एवं आम नागरिकों के लिए सार्वजनिक कर प्रकाशित कर दिया गया है। लेकिन अभी भी अवशेष जमाबंदियों को डिजिटाइज्ड करने की कार्रवाई चल रही है। चूँकि अवशेष जमाबंदियों को डिजिटाईज्ड करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, अतएव सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि जिन जमाबंदियों का डिजिटाईजेशन अबतक नही हुआ है, केवल उन जमाबंदियों के लिए, अंचल स्तर से ऑफलाइन भूमि दखल–कब्जा प्रमाण पत्र (एल0पी0सी0) निर्गत करने की कार्रवाई दिनांक–30.06.2022 तक जारी रहेगा।

अतः अनुरोध है कि जिन जमाबंदियों का डिजिटाईजेशन अबतक नही हुआ है, केवल उन जमाबंदियों के लिए, दिनांक–30.06.2022 तक अंचल स्तर पर भू–धारियों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर ऑफलाइन भूमि दखल–कब्जा प्रमाण पत्र (एल0पी0सी0) निर्गत करने सम्बन्धी अंचलाधिकारियों को अपने स्तर से निदेशित एवं संसूचित करने की कृपा की जाय।

कृपया इसे आवश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन,

14/1/22

(राकेश कुमार),
सहायक निदेशक, भू–अर्जन।

ई–मेल

ज्ञापांक– 11– (12)/रा0, पटना–15, दिनांक–18/1/22

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/1/22

(राकेश कुमार),
सहायक निदेशक, भू–अर्जन।

ई–मेल

ज्ञापांक– 11– (12)/रा0, पटना–15, दिनांक–18/1/22

प्रतिलिपिः–सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/1/22

(राकेश कुमार),
सहायक निदेशक, भू–अर्जन।